सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने वाले 05 अभियुक्त गिरफ्तार

(दैनिक अयोध्या टाइम्स) श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष गिरण्ट शैलकांत उपाध्याय मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर इस्माइल की बाग ग्राम मुलायमपुरवा दाखिला पटपरगंज के पास से 05 अभियुक्तगण को हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते समय गिरफ्तार कर माल फड 290 रुपये, ताश के 52 पत्ते व जामा तलाशी से 237 रुपये, कुल 527 रुपये बरामद किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना हरदत्तनगर गिरण्ट पर मु0अ0स0– 0184/2024 धारा 13 जुआ अधि0 में अभियोग पंजीकृत किया गया। जुआ खेलने के दौरान गिरफ्तार किए गए अभियुक्त नंदकिशोर पुत्र पतिराम निवासी सेमरहना दाखिला सिटकहना, मुन्नन पुत्र बब्बू निवासी सेमरहना दाखिला सिटकहना, अंकित पुत्र आनन्द प्रसाद निवासी मिर्जापुर दाखिला पटपरगंज, मनोज यादव पुत्र जगराम निवासी मिर्जापुर,जितेंद्र यादव पुत्र बहोरी लाल प्रसाद निवासी मिर्जापुर दाखिला पटपरगंज थाना हरदत्तनगर गिरंट मौजूद रहे।